# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दूरभाष : 0121-2763323
संदर्भ : सीक्रेसी / 2366
दिनांक : 20.09.2019

**अत्यावश्यक / महत्वपूर्ण**

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / संस्थान,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : संस्थागत / व्यक्तिगत मुख्य वार्षिक परीक्षा-2020 से सम्बन्धित एम0काम0 द्वितीय वर्ष (व्यक्तिगत) / बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष की परीक्षा 100 प्रश्नों वाली बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ पेपर पैटर्न पर आधारित न होकर अब परीक्षा विस्तृत उत्तरीय प्रश्न-पत्रों वाले पैटर्न पर आयोजित होने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में संज्ञान में लाना है कि विश्वविद्यालय विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 16.08.2019 में लिये गये निर्णय के आलोक में सूच्य है कि :-

01. मुख्य वार्षिक परीक्षा-2020 में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के रूप में सम्मिलित हो रहे एम0कॉम द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों की परीक्षा 100 प्रश्नों वाले बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्र पैटर्न पर आधारित न होकर विस्तृत उत्तरीय प्रश्नों वाले पैटर्न पर आधारित होगी।

02. उक्त के क्रम में ही अवगत कराना है कि पाठ्यक्रम B.Sc. III Year ( Microbiology), B.Sc. III Year ( F.Sc. & Q.C.) एवं B.Sc. III Year ( Geology) में भी यह निर्णय लिया गया है कि इन पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र अब परीक्षा 100 प्रश्नों वाले वस्तुनिष्ठ प्रणाली के अनुसार न होकर तीन खण्डों वाले विस्तृत, लघु एवं अति-लघु उत्तरीय प्रश्नों / प्रणाली पर आधारित होगी।

अतः उपर्युक्त बिन्दुओं के परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना से सभी सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को अवगत कराने एवं तदनुसार पठन-पाठन सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।

भवदीय,

/

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. आशुलिपिक प्रति-कुलपति को प्रति-कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
03. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क सम्मानित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु आवश्य कार्यवाही करने का कष्ट करें।
04. प्रभारी विश्वविद्यालय वैबसाईट को विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

20/09/19

परीक्षा नियंत्रक